Contact No.- 8544513340
website : www.marwaricollege.ac.in
email : marwaricollegedarbhanga@gmail.com

MARWARI COLLEGE, DARBHANGA

(A Constituent Unit of L.N.M.U., Darbhanga)

OFFICE OF THE PRINCIPAL

पत्रांक- ..... **दिनांक- 29.10.2026**

सूचना

(चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2026-30 में नामांकित सभी छात्र/छात्राओं हेतु)

विषय:- चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सत्र 2026-30 (सी०बी०सी०एस०) में ऑनलाइन पंजीयन (Registration) एवं विषय-चयन (Course Selection) के संबंध में।

संदर्भ:- ल0ना0मि0 विश्वविद्यालय, दरभंगा का पत्रांक- SW-122/26, दिनांक- 29.10.2026।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सत्र 2026-30 में नामांकित सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल (lnmu.samarth.edu.in) पर ऑनलाइन पंजीयन एवं विषय-चयन का कार्य दिनांक 30.10.2026 से 18.11.2026 तक किया जाना है। इस संबंध में निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य है:-

1. पंजीयन पोर्टल lnmu.samarth.edu.in पर ऑनलाइन करना है तथा ₹600/- (छः सौ रुपये) का शुल्क ऑनलाइन जमा करना है। शुल्क भुगतान के बाद ही आपका विषय-चयन अंतिम (Final) माना जायेगा।
2. **सबसे महत्वपूर्ण बात -** महाविद्यालय में नामांकन के समय आपने जो विषय लिया है, पंजीयन में उसी विषय के अनुसार **Major (MJC), Minor (MIC) एवं MDC/IDC** का कोर्स, क्रेडिट एवं कोड चुनना है। किसी भी स्थिति में दूसरा विषय नहीं बदलना है।
3. यदि किसी कारणवश विषय में परिवर्तन आवश्यक लगता है, तो स्वयं पोर्टल पर परिवर्तन न करें। पहले महाविद्यालय के संबंधित विभाग के शिक्षक अथवा कार्यालय की स्थापना शाखा से भली-भाँति समझ लें। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार Major (मेजर) विषय एवं कोटि (Category) में किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
4. महाविद्यालय में लिए गए विषय तथा पंजीयन में चुने गए विषय भिन्न होने पर "Subject Mismatch" हो जायेगा, जिसके कारण आगे चलकर CIA (आंतरिक मूल्यांकन) एवं परीक्षा फॉर्म भरने में समस्या आयेगी। ऐसी स्थिति में इसकी सारी जवाबदेही छात्र/छात्रा की होगी।
5. पंजीयन से पूर्व अपना नाम, पिता का नाम एवं अन्य विवरण **नामांकन रसीद (Admission Receipt)** से मिलान कर लें। पोर्टल पर ठीक वही नाम जाँचना है, जैसा नामांकन रसीद पर अंकित है।
6. पंजीयन के लिए महाविद्यालय द्वारा अपनी एक **हस्तपुस्तिका (Registration Handbook)** दी जा रही है, जो इस सूचना के साथ संलग्न है तथा महाविद्यालय के सूचना-पट्ट एवं वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उसे ध्यानपूर्वक पढ़कर एवं समझकर ही विषय-चयन करें।
7. इस महाविद्यालय में **HRM, Marketing, Home Science, Music एवं Urdu** की पढ़ाई नहीं होती है। अतः पंजीयन में ये विषय भूलकर भी चयनित न करें।
8. MDC/IDC विषय आपके Major एवं Minor दोनों से भिन्न होना चाहिए तथा प्रथम सेमेस्टर में कुल क्रेडिट 20 होना अनिवार्य है। Theory एवं Practical एक ही विषय का चुनें।
9. पंजीयन के पश्चात् पंजीयन-पत्र (Registration Letter), शुल्क रसीद एवं CAF की प्रति का प्रिंट निकालकर अगले कार्य दिवस तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें तथा एक प्रति स्वयं सुरक्षित रखें।
10. त्रुटि होने पर लिखित आवेदन एवं साक्ष्य के साथ महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें। बिना साक्ष्य के कोई सुधार नहीं होगा। महाविद्यालय स्तर पर त्रुटि-सुधार की अंतिम तिथि 22.11.2026 है।
11. तकनीकी समस्या हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नामित तकनीकी सहायक - श्री अभिषेक कुमार (मो0 7759099899) एवं श्री मुरारी कुमार (मो0 9304667075) से संपर्क करें। अपना OTP एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।

विशेष चेतावनी

नामांकन के विषय से भिन्न विषय चुनने पर उत्पन्न समस्या (Subject Mismatch, CIA एवं परीक्षा फॉर्म में बाधा) का संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित छात्र/छात्रा का होगा।

प्राचार्य
मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा

Contact No.- 8544513340
website : www.marwaricollege.ac.in
email : marwaricollegedarbhanga@gmail.com

MARWARI COLLEGE, DARBHANGA

(A Constituent Unit of L.N.M.U., Darbhanga)

OFFICE OF THE PRINCIPAL

पंजीयन एवं विषय-चयन हस्तपुस्तिका

Registration & Course Selection Handbook

चार वर्षीय स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) | प्रथम सेमेस्टर | सत्र 2026-30

पोर्टल: lnmu.samarth.edu.in

इस हस्तपुस्तिका को पूरा पढ़ने के बाद ही पंजीयन करें।

विश्वविद्यालय के पत्रांक SW-122/26, दिनांक 29.10.2026 के आलोक में यह हस्तपुस्तिका छात्र-हित में तैयार की गयी है। इसमें क्रेडिट प्रणाली, विषय-चयन के नियम, महाविद्यालय में उपलब्ध विषय एवं पोर्टल पर पंजीयन की चरणबद्ध विधि सरल भाषा में दी गयी है।

1. महत्वपूर्ण तिथियाँ

तिथि	कार्य
30.10.2026 से 18.11.2026	ऑनलाइन पंजीयन, विषय-चयन एवं ₹600/- शुल्क का भुगतान (पोर्टल पर छात्र स्वयं कोई सुधार नहीं कर सकेंगे)
पंजीयन के अगले कार्य दिवस तक	पंजीयन-पत्र, CAF एवं शुल्क रसीद की छाया-प्रति महाविद्यालय कार्यालय में जमा करना (त्रुटि हो तो साक्ष्य सहित आवेदन भी)
22.11.2026	**महाविद्यालय स्तर पर जाँच एवं त्रुटि-सुधार की अंतिम तिथि**

ध्यान रखें

शुल्क भुगतान के बाद ही विषय-चयन अंतिम माना जायेगा। बिना भुगतान के पंजीयन अधूरा है।

पंजीयन-पत्र एवं रसीद की एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

2. पंजीयन से पहले क्या तैयार रखें

1. **लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड** - जिससे आपने नामांकन हेतु पोर्टल पर आवेदन (Apply) किया था।
2. **नामांकन के समय दिया गया ई-मेल एवं मोबाइल नंबर** - OTP इसी पर आयेगा। अतः यह ई-मेल/मोबाइल अपने पास रखें।
3. **अपना नाम, पिता का नाम एवं अन्य विवरण** - **नामांकन रसीद (Admission Receipt)** से मिलान कर लें। पोर्टल पर ठीक वही नाम जाँचना है, जैसा नामांकन रसीद पर अंकित है।
4. **नामांकन क्रमांक (Enrolment Number)** - 26LNMU… से शुरू होने वाला नंबर।
5. नामांकन के समय आवंटित Major, Minor एवं MDC विषय की जानकारी।
6. ₹600/- के भुगतान हेतु UPI / डेबिट-क्रेडिट कार्ड / नेट बैंकिंग।
7. ABC ID एवं परीक्षा रोल नंबर (पोर्टल पर जाँचने हेतु)।

नाम से संबंधित सावधानी

नाम, पिता का नाम अथवा अन्य विवरण में अंतर रह जाने पर आगे चलकर अंक-पत्र एवं प्रमाण-पत्र में त्रुटि हो जाती है, जिसका सुधार अत्यंत कठिन होता है। अतः पंजीयन से पूर्व नामांकन रसीद से मिलान अवश्य कर लें।

3. महाविद्यालय में उपलब्ध (संबद्ध) विषय

पंजीयन में वही विषय चुनें जिनकी पढ़ाई इस महाविद्यालय में होती है। महाविद्यालय को निम्नलिखित विषयों की ही संबद्धता (Affiliation) प्राप्त है:-

कला (Arts)	विज्ञान (Science)	वाणिज्य (Commerce)
History (इतिहास)	Botany (वनस्पति विज्ञान)	Accounting & Finance
Sociology (समाजशास्त्र)	Zoology (प्राणी विज्ञान)	
Psychology (मनोविज्ञान)	Chemistry (रसायन शास्त्र)	
Economics (अर्थशास्त्र)	Physics (भौतिकी)	
Philosophy (दर्शनशास्त्र)	Mathematics (गणित)	
English (अंग्रेजी)		
Maithili (मैथिली)		
Political Science (राजनीति विज्ञान)		
Hindi (हिन्दी)		
Sanskrit (संस्कृत)		
Geography (भूगोल)		

इन विषयों का चयन भूलकर भी न करें

इस महाविद्यालय में HRM, Marketing, Home Science, Music एवं Urdu की पढ़ाई नहीं होती है।

यदि पोर्टल की सूची में ये विषय दिखें तब भी इनका चयन न करें - चयन करने पर आपका विषय मिसमैच हो जायेगा और आगे CIA एवं परीक्षा फॉर्म में समस्या आयेगी।

4. क्रेडिट संरचना (Credit Structure) - प्रथम सेमेस्टर

प्रथम सेमेस्टर में कुल 20 क्रेडिट लेना अनिवार्य है। 20 से कम या अधिक होने पर Submit नहीं होगा।

पाठ्यक्रम (Course)	क्रेडिट	जहाँ प्रैक्टिकल नहीं है	जहाँ प्रैक्टिकल है
Major Course (MJC) - मुख्य विषय	6	Theory - 6	Theory - 4 + Practical - 2
Minor Course (MIC) - गौण विषय	3	Theory - 3	Theory - 2 + Practical - 1
Multi-Disciplinary Course (MDC/IDC)	3	Theory - 3	Theory - 2 + Practical - 1
Ability Enhancement Course (AEC) - भाषा	2	Theory - 2	लागू नहीं
Skill Enhancement Course (SEC)	3	Theory - 3	लागू नहीं
Value Added Course (VAC)	3	Theory - 3	लागू नहीं
कुल क्रेडिट (Total Credit)	**20**		

इनका अर्थ सरल भाषा में

- **MJC (Major) -** आपका मुख्य विषय, जिसमें आपका नामांकन हुआ है। पूरे चार वर्ष यही आपकी डिग्री का विषय रहेगा।
- **MIC (Minor) -** आपका सहायक विषय, जो नामांकन के समय आवंटित हुआ है।
- **MDC/IDC -** बहु-विषयक पाठ्यक्रम। यह विषय आपके Major एवं Minor दोनों से भिन्न होना चाहिए।
- **AEC -** भाषा का पेपर (MIL)। जो भाषा नामांकन में ली गयी है, वही चुनें।

- **SEC** - कौशल विकास का पेपर। दिए गए विकल्पों में से कोई एक।
- **VAC** - मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम। दिए गए विकल्पों में से कोई एक।

5. किस विषय में प्रैक्टिकल (Practical) होता है

सबसे बड़ी गलती यहीं होती है। नीचे दी गयी तालिका के अनुसार ही Theory एवं Practical पर टिक करें:-

पाठ्यक्रम	जिन विषयों में प्रैक्टिकल है	क्रेडिट विभाजन	शेष सभी विषयों में
MJC (Major)	Botany, Zoology, Chemistry, Physics, Geography, Psychology	Theory 4 + Practical 2	केवल Theory - 6 क्रेडिट
MIC (Minor)	Geography, Psychology, Physics, Chemistry, Botany, Zoology	Theory 2 + Practical 1	केवल Theory - 3 क्रेडिट
MDC / IDC	केवल Chemistry, Botany, Zoology	Theory 2 + Practical 1	केवल Theory - 3 क्रेडिट

सुनहरा नियम (Golden Rule)

Theory एवं Practical एक ही विषय का होना चाहिए। एक विषय का Theory और दूसरे विषय का Practical कदापि न चुनें।

उदाहरण - यदि MDC में रसायन (Chemistry) है तो Chemistry का Theory (2 क्रेडिट) और Chemistry का ही Practical (1 क्रेडिट) - दोनों पर टिक करें, कुल 3 क्रेडिट।

6. MDC / IDC विषय कैसे चुनें

1. नामांकन के समय आपको जो MDC विषय आवंटित हुआ है, पंजीयन में उसी विषय का MDC पेपर चुनना है। अपनी मर्जी से विषय न बदलें।
2. पोर्टल पर MDC विषय के नाम से नहीं, बल्कि **पेपर के नाम (Paper Name)** से अंकित है। इसलिए नीचे दी गयी तालिका से अपने विषय का पेपर एवं कोड मिलाकर ही टिक करें।
3. MDC विषय आपके Major एवं Minor दोनों से भिन्न होना चाहिए।

उदाहरण सहित कोर्स कोड

विषय (Subject)	MDC पेपर का नाम	कोर्स कोड	क्रेडिट
Political Science	Understanding Political Theory	**BAPOL-MDC-01**	3
Philosophy	Indian Philosophy	**BAPHI-MDC-01**	3
Maithili	मैथिली साहित्यिक इतिहास	**BAMAI-MDC-01**	3
History	Idea of Bharatvarsha	**BAHIS-MDC-01**	3
Hindi	आधुनिक हिंदी कविता	**BAHIN-MDC-01**	3
Geography	Geography of India	**BAGEO-MDC-01**	3
English	Academic Writing and Composition	**BAENG-MDC-01**	3
Economics	Introduction to Economic Theory	**BAECO-MDC-01**	3

इसी प्रकार हर विषय का अपना कोड है। यदि आपका आवंटित MDC विषय (जैसे Psychology, Sociology, Sanskrit, Botany, Zoology, Chemistry, Physics, Mathematics अथवा Accounting & Finance) ऊपर की तालिका में नहीं है, तो पोर्टल पर आपके प्रोग्राम के अनुसार उस विषय का MDC पेपर प्रदर्शित होगा। पेपर का नाम एवं कोड अपने विषय से मिलान कर लें तथा संदेह होने पर महाविद्यालय के हेल्प डेस्क / स्थापना शाखा से पुष्टि कर लें।

चेतावनी

MDC के अंतर्गत HRM, Marketing, Home Science, Music एवं Urdu के पेपर यदि सूची में दिखें तो भी इनका चयन न करें - इनकी पढ़ाई इस महाविद्यालय में नहीं होती।

7. AEC (भाषा) का चयन - 2 क्रेडिट

AEC में उसी भाषा का चयन करें जो नामांकन के समय महाविद्यालय में ली गयी है। इस महाविद्यालय में केवल हिन्दी, अंग्रेजी, मैथिली एवं संस्कृत की पढ़ाई होती है:-

भाषा	पेपर का नाम	कोर्स कोड
हिन्दी	MIL - Hindi	**UG-AEC-102**
अंग्रेजी	MIL - English Communication	**UG-AEC-101**
मैथिली	MIL - Maithili	**UG-AEC-103**
संस्कृत	MIL - Sanskrit	**UG-AEC-104**

ध्यान दें

पोर्टल पर UG-AEC-105 : MIL-Urdu भी प्रदर्शित हो सकता है, परंतु इस महाविद्यालय में उर्दू की पढ़ाई नहीं होती। अतः इसका चयन न करें।

8. SEC एवं VAC का चयन

महाविद्यालय के कार्यालय आदेश पत्रांक 264/26, दिनांक 26.10.2026 के अनुसार प्रथम सेमेस्टर में निम्नलिखित SEC एवं VAC पाठ्यक्रम संचालित हैं। इनमें से SEC का एक तथा VAC का एक पाठ्यक्रम चुनना है।

Skill Enhancement Course (SEC) - 3 क्रेडिट (कोई एक चुनें)

क्रम	पाठ्यक्रम का नाम	संचालक विभाग	कोर्स कोड
1	Creative Writing	Department of English	**UG-SEC-104**
2	Communication in Everyday Life	Department of English	**UG-SEC-103**
3	Basic IT Tools	Department of Physics	पोर्टल पर प्रदर्शित कोड देखें
4	Digital Marketing	Department of Commerce	पोर्टल पर प्रदर्शित कोड देखें

Value Added Course (VAC) - 3 क्रेडिट (कोई एक चुनें)

क्रम	पाठ्यक्रम का नाम	संचालक विभाग	कोर्स कोड
1	Ethics & Culture	Department of Philosophy	**UG-VAC-105**
2	Gandhi and Education	Department of Economics	**UG-VAC-108**
3	Fit India	Department of Political Science	**UG-VAC-107**
4	Swachh Bharat	Department of Sociology	**UG-VAC-111**

ध्यान दें

पोर्टल पर SEC एवं VAC पेपर के नाम से प्रदर्शित होते हैं। ऊपर दी गयी सूची से पेपर का नाम मिलाकर ही टिक करें।

SEC एवं VAC में एक-एक पाठ्यक्रम ही चुनना है - दोनों के 3-3 क्रेडिट कुल 20 क्रेडिट में सम्मिलित हैं।

9. पोर्टल पर पंजीयन की चरणबद्ध विधि

चरण 1 से 5 केवल एक बार करने होते हैं (खाता बनाना) / चरण 6 से 15 में विषय-चयन एवं शुल्क भुगतान होता है।

1. ब्राउज़र में lnmu.samarth.edu.in खोलें और हरे रंग के New Registration बटन पर क्लिक करें।
2. रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें - अपना Programme चुनें, **नाम ठीक वैसा ही लिखें जैसा नामांकन रसीद (Admission Receipt) पर अंकित है**, Mode of Registration में "Enrolment Number" चुनें, नामांकन क्रमांक (26LNMU…) डालें, कैप्चा भरें और Submit करें।

3. आपके पंजीकृत ई-मेल/मोबाइल पर आये OTP को डालकर Submit करें।

4. अपना पासवर्ड बनायें (दोनों बार एक ही पासवर्ड) और Submit करें। पासवर्ड सुरक्षित रखें - आपका यूजरनेम आपका नामांकन क्रमांक ही है।

5. "Great! You can login now" का संदेश आने का अर्थ है कि आपका खाता तैयार है।

6. अब नामांकन क्रमांक एवं पासवर्ड डालकर Login करें।

7. डैशबोर्ड पर अपने प्रोग्राम के नीचे CLICK HERE पर क्लिक करें।

8. अपना नाम, पिता का नाम, नामांकन क्रमांक, महाविद्यालय का नाम एवं ABC ID जाँच लें। सही होने पर "Click here to select your courses" पर क्लिक करें।

9. Discipline Scheme में "1 Major 1 Minor" चुनें।

10. आवंटित Major विषय एवं Minor विषय चुनकर "Save and Continue" पर क्लिक करें।

11. Major (6 क्रेडिट) एवं Minor (3 क्रेडिट) के पेपर चुनें - प्रैक्टिकल वाले विषय में Theory + Practical दोनों, अन्यथा केवल Theory (बिंदु 5 की तालिका देखें)।

12. MDC (3 क्रेडिट) एवं AEC (2 क्रेडिट) चुनें - MDC आपके Major एवं Minor से भिन्न होना चाहिए।

13. SEC (3 क्रेडिट) एवं VAC (3 क्रेडिट) में से एक-एक पाठ्यक्रम चुनकर Submit करें।

14. कोर्स की सूची जाँचें - Total Credit अनिवार्य रूप से 20 होना चाहिए। कुछ बदलना हो तो भुगतान से पहले "Update Course Selection" पर क्लिक करें।

15. "Pay With Paynimo" पर क्लिक कर ₹600/- का भुगतान करें। भुगतान के बाद ही चयन अंतिम होगा। रसीद "My Payment" से डाउनलोड करें।

भुगतान के बाद

पंजीयन-पत्र (Registration Letter), शुल्क रसीद एवं CAF की प्रति का प्रिंट निकालकर अगले कार्य दिवस तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें और एक प्रति स्वयं रखें।

10. क्या करें और क्या न करें

अवश्य करें

- ✓ पंजीयन से पूर्व नाम एवं पिता का नाम नामांकन रसीद से मिलान कर लें।
- ✓ नामांकन के समय लिए गए विषय के अनुसार ही Major, Minor एवं MDC चुनें।
- ✓ Submit करने से पहले कुल क्रेडिट 20 जाँच लें।
- ✓ Theory एवं Practical एक ही विषय का चुनें।
- ✓ संदेह होने पर पहले विभाग के शिक्षक अथवा कार्यालय की स्थापना शाखा से पूछें।
- ✓ पंजीयन-पत्र एवं रसीद की प्रति महाविद्यालय में समय पर जमा करें।

कदापि न करें

- ✗ नामांकन के विषय को पंजीयन में अचानक बदलना।
- ✗ HRM, Marketing, Home Science, Music अथवा Urdu का चयन।
- ✗ MDC में वही विषय चुनना जो आपका Major या Minor है।
- ✗ एक विषय का Theory और दूसरे विषय का Practical चुनना।
- ✗ अपना OTP अथवा पासवर्ड किसी के साथ साझा करना अथवा साइबर कैफे वाले पर पूरी तरह निर्भर रहना।

उत्तरदायित्व

महाविद्यालय में लिए गए विषय तथा पंजीयन में चुने गए विषय भिन्न होने पर Subject Mismatch हो जायेगा, जिससे आगे CIA एवं परीक्षा फॉर्म भरने में समस्या आयेगी। ऐसी स्थिति में इसकी सारी जवाबदेही संबंधित छात्र/छात्रा की होगी।

11. त्रुटि सुधार (Error Correction) की प्रक्रिया

- छात्र पोर्टल पर स्वयं कोई परिवर्तन अथवा त्रुटि सुधार नहीं कर सकेंगे; वे केवल अपने विषयों का चयन करेंगे।

- विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर लिखित आवेदन एवं संबंधित साक्ष्य/प्रमाण-पत्र के साथ पंजीयन के अगले कार्य दिवस में महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें।
- महाविद्यालय स्तर पर भी Major (मेजर) विषय एवं कोटि (Category) में किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
- अन्य त्रुटियों का सुधार आवेदन एवं साक्ष्य की जाँच के बाद ही किया जायेगा। बिना साक्ष्य के कोई सुधार नहीं होगा।
- महाविद्यालय स्तर पर जाँच एवं त्रुटि-सुधार की अंतिम तिथि दिनांक 22.11.2026 है।

12. सहायता (Help)

सहायता का स्रोत	विवरण
महाविद्यालय हेल्प डेस्क	संबंधित विभाग के शिक्षक अथवा कार्यालय की स्थापना शाखा (कार्य दिवस में)
तकनीकी सहायक (विश्वविद्यालय)	श्री अभिषेक कुमार - मो0 7759099899
तकनीकी सहायक (विश्वविद्यालय)	श्री मुरारी कुमार - मो0 9304667075
पोर्टल	lnmu.samarth.edu.in (पासवर्ड भूलने पर "Reset Password" का प्रयोग करें)

शुभकामनाएँ

सही पंजीयन ही आपके चार वर्ष के पाठ्यक्रम की नींव है। ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन कर समय-सीमा के भीतर अपना पंजीयन पूर्ण करें। किसी भी कठिनाई में महाविद्यालय आपकी सहायता हेतु तत्पर है।

प्राचार्य
मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा